तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 गर्मी से पहले एनीकट के गेट खुले, सूखी डोटू नदी...



12 कीचड़ में तब्दील सड़कें, रामपुर के ग्रामीणों ...



# कलेक्टर-एसपी की दो टूक: नशीली दवाओं का कारोबार युवा पीढ़ी के लिए घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को के साथ ठोस रणनीति बनाकर नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि नशापान एक सामाजिक अभिशाप है, जो समाज के ताने-बाने को भीतर से कमजोर कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है, जिससे पारिवारिक कलह, अपराध और सामाजिक अशांति जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और समाज के नागरिकों से इस कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि नशापान समाज में अनेक बुराइयों को बढ़ावा देता है। इससे पारिवारिक और सामाजिक जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तस्करों और नेटवर्क के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी स्थिति में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जिले को नशामुक्त बनाने बनेगी विशेष रणनीति





### तस्करों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ितों के उपचार की व्यवस्था

नशे के अवैध व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा उनके नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, नशे की लत के शिकार व्यक्तियों को मुख्यधारा में वापस लाने हेतु नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से उपचार और परामर्श की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आबकारी विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक प्रयासों के साथ सामाजिक संगठनों की सहभागिता से नशामुक्ति अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर भी जोर दिया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए यह अभियान सतत रूप से संचालित किया जाएगा और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ हुई कार्रवाई

**साजा।** जिलाधीश के निर्देश पर नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 17 फरवरी को राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार उमेश लहरी खाद्य एवं औषधि निरीक्षक धनीराम पटेल कमल प्रसाद नमूना द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत कार्रवाई की गयी शहर में कुल 22 चलानी कार्यवाही कुल राशि 3400 रुपये की गयी। वहीं प्रतिबंधित गुटखा एवम सिगरेट का मौके पर ही नस्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

### धारदार हथियार की डिलीवरी, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** ऑनलाइन धारदार हथियार की डिलीवरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम पुरई में आरोपी लावन्य उर्फ लवन यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर तोषण यादव, अन्य युवकों के साथ धारदार हथियार से मारपीट कर चोट पहुंचाया। उतई पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि धारदार हथियार मीसो ई-कॉमर्स ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म से हथियार को ऑर्डर कर वाल्मो कोरियर एजेंसी उतई द्वारा 3 जनवरी को आरोपी को डिलीवर किया गया था। कोरियर एजेंसी संचालक द्वारा प्रतिबंधित सामग्री होने की जानकारी के बाद भी डिलीवरी कर्मी के माध्यम से पार्सल सौपा और 245 रुपए नगद लिया था। मामले में पुलिस ने बजरंग नगर उतई निवासी रोशन सिंह राजपूत, तामेश उर्फ तामेश्वर साहू को गिरफ्तार किया। उसके बाद कोरियर एजेंसी संचालन से जुड़े दस्तावेज, पार्सल डिलीवरी रजिस्टर को जब्त किया गया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश कुमार ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### बोरसी में प्राणघातक हमला, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** बोरसी वार्ड 51 में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते युवक ने अपने पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोरसी वार्ड 15 निवासी सुमन मारकण्डे से आरोपी युवक दरवाजा खोलने को लेकर विवाद करने लगा। विवाद के बाद पीड़िता के पति शिवनंदन मारकण्डे के पेट में धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश शुरु हो गई। बोरसी क्षेत्र में घेराबंदी कर बोरसी, सुभाष चौक दैहान वार्ड 51 पदमनाभपुर आरोपी निवासी प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया गया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026: आवश्यक दस्तावेजों का किया गया परीक्षण

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 2.46 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी, 21 फरवरी को अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 68 साजा, 69 बेमेतरा एवं 70 नवागढ़ अजा में चिन्हित मतदाताओं की सुनवाई एवं सत्यापन की व्यापक प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली गई है।

जिला प्रशासन ने बताया कि 'नो मैपिंग' एवं सॉफ्टवेयर आधारित तार्किक त्रुटियों (लॉजिक एरर) की श्रेणी में आए कुल 2,46,763 मतदाताओं को नोटिस जारी कर विधिवत सुनवाई की गई और आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 21 फरवरी को जिले की अद्यतन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके लिए मुद्रण सहित सभी प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### 7.16 लाख से अधिक मतदाता दर्ज

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 23 दिसम्बर 2025 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। उस समय जिले में कुल 7,16,635 मतदाता पंजीकृत थे। विधान सभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार 68 साजा 2,34, 247 मतदाता,69 बेमेतरा 2,28,021 मतदाता,70 नवागढ़ (अ.जा.) 2,54,367 मतदाता । प्रारंभिक सूची में 12,339 मतदाता 'नो मैपिंग' श्रेणी में पाए गए। इन सभी को व्यक्तिगत रूप से नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया गया। साथ ही आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से सात बिंदुओं पर चिन्हित तार्किक विसंगतियों वाले प्रकरणों की भी जांच की गई।

### सॉफ्टवेयर से सात बिंदुओं पर चिन्हित तार्किक विसंगतियों वाले प्रकरणों की भी हुई जांच

#### दावा-आपत्तियों का समय से पूर्व निराकरण

आयोग द्वारा दावा-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2026 निर्धारित की गई थी, किंतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन में यह कार्य समय-सीमा से दो दिन पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया। निर्धारित अवधि 22 जनवरी क जिले में नाम जोड़ने 7,867 फार्म-6, वही नाम विलोपन के लिए 711 आवेदन, स्थानांतरण एवं संशोधन हेतु 2,419 फार्म-8 प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक संशोधन किए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

#### आगामी निर्वाचन संबंधी तैयारियों को मिलेगी और गति

जिले के 03 निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ), 13 सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (एईआरओ) तथा 54 अतिरिक्त एईआरओ के माध्यम से पूरी प्रक्रिया संपन्न की गई। अंतिम प्रकाशन के बाद नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी प्रविष्टियों का अवलोकन कर सकेंगे। 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही जिले में आगामी निर्वाचन संबंधी तैयारियों को और गति मिलने की संभावना है।

#### सार्वजनिक सूचना व 10 दिन का अवसर

न्यायालयीन निर्देशों के अनुपालन में तार्किक त्रुटियों से संबंधित मतदाताओं की सूची को नगरीय निकायों, ग्राम पंचायत कार्यालयों तथा ईआरओ और एईआरओ कार्यालयों में सार्वजनिक रूप से चस्पा किया गया। संबंधित व्यक्तियों को 10 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज या आपत्ति प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के साथ भी सूची साझा की गई और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई।

## ग्रामीण के घर से अवैध शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के कंडरका पुलिस चौकी की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 87 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है।

■ पुलिस ने 87 पौवा अवैध शराब की जब्त

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बोरसी निवासी रामकुमार पारधी अपने घर में अवैध रूप से शराब छिपाकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर चौकी कंडरका पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी रामकुमार पारधी 26 वर्ष ग्राम बोरसी चौकी कंडरका थाना बेरला गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 87 पौवा शोले देशी मसाला शराब कुल 33,660 मिलीलीटर कीमत लगभग 8,700 रुपये तथा शराब बिक्री की 890 रुपये नकद राशि जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में चौकी कंडरका प्रभारी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, सहायक उप निरीक्षक तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक योगेश कुमार साहू, मुरली मनोहर जोशी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है ।

## नांदघाट में त्रि दिवसीय मेले का समापन...





**नांदघाट।** गोसाई बाबा नांदघाट में त्रि दिवसीय मेले का समापन हुआ । हजारों की संख्या में श्रद्धालु जोड़ा नारियल चढ़ाकर मन्नत मांगते और पूर्व की मन्नतों के पूर्ण होने पर नारियल चढ़ाकर आर्शिवाद लेने पहुंचे । गनपत निषाद संतोष साहु दुखवा निषाद बाबुलाल साहु अमर वर्मा देवी निषाद रामनाथ कुलदीप समेत कार्यकर्ता गण व्यवस्था में अनवरत लगे रहे इस अवसर पर पुष्पा निषाद पंडवानी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया ।

## किसानों के बोरवेल कनेक्शन काटने पर कांग्रेस 19 को करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव

खड़ी फसल पर खतरा, सिंचाई व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



खेतों में लगे बोरवेल के बिजली कनेक्शन बिना पूर्व सूचना के काटे जाने से नाराज किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी से हस्तक्षेप की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट बेमेतरा के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं घेराव की घोषणा की है। बताया गया कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला विकासखंड के ग्राम देवरी, बीजाभाट, अमोरा, बावनलाख, सरदा, अतरघढ़ी, जौग एवं आन्दू सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों किसान पूर्व विधायक के कार्यालय पहुंचे।

किसानों ने आरोप लगाया कि खेतों में लगी खड़ी फसल के बीच अचानक बिजली विभाग द्वारा बोरवेल कनेक्शन काट दिए गए, जिससे सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई है और फसल को भारी नुकसान की आशंका है। किसानों ने बताया कि उन्होंने इस फसल के भरोसे कृषि ऋण और निजी उधारी ली है। ऐसे में यदि फसल चौपट होती है तो वे आर्थिक संकट में फंस जाएंगे। किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी से उनकी आवाज उठाने और जन आंदोलन करने की मांग की। इस दौरान आशीष छाबड़ा ने कहा कि यदि प्रशासन को दूसरी फसल के रूप में धान पर रोक लगानी थी, तो किसानों को पहले ही स्पष्ट निर्देश और चेतावनी देनी चाहिए थी। फसल तैयार होने के बाद बिजली काटना किसानों के साथ अन्याय है।

### सरकार की नीतियों से किसान परेशान: छाबड़ा

आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नीतियों से किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि किसानों के विद्युत कनेक्शन पुनः नहीं जोड़े गए तो 19 फरवरी को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और प्रभावित किसानों को अकेला नहीं छोड़ा।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स, पेट्रोल पंप संचालकों की पुलिस ने ली बैठक

# भारी वाहनों के प्रवेश पर लगेगा प्रतिबंध लोडिंग- अनलोडिंग के समय का होगा निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ हेलमेट पहनकर आने पर ही पेट्रोल देने का प्रस्ताव

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पेट्रोल पंप संचालकों तथा उनके प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में बढ़ते यातायात दबाव, जाम की समस्या और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान रायपुर एवं कबीरधाम जिले की ओर से आने वाले भारी वाहनों के शहर के भीतर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा गया। इस संबंध में सुझाव दिया गया कि ऐसे वाहनों को चोरभट्ठी–बैजी बाईपास मार्ग से संचालित किया जाए, ताकि शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम हो सके। साथ ही शहर के भीतर आवश्यक भारी वाहनों के लोडिंग-अनलोडिंग के लिए समय-निर्धारण पर भी विचार-विमर्श किया गया, जिससे आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए पेट्रोल पंप संचालकों से आग्रह किया गया कि वे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर आने पर ही पेट्रोल प्रदान करें। बिना हेलमेट आने वाले चालकों को हेलमेट उपयोग के लिए प्रेरित करने की अपील भी की गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं पेट्रोल पंपों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से बाहरी मार्गों, प्रवेश और निकास द्वारों को कवर करने हेतु पर्याप्त कैमरे लगाने पर बल दिया गया, जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि की स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। बेमेतरा यातायात पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने एवं शहर को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं पेट्रोल पंप संचालकों/प्रतिनिधियों में उत्तम चौहान, बालचंद मादेका, रवि पाटकर, धन्नू सप्रे, अमित गोस्वामी, खिलेश साहू, रेवेन्द्र कुमार साहू, भूपेन्द्र राजपूत, नितिन कुमार साहू , हेमलाल साहू , केशव मोटवानी,रविपाल सिंह अरोरा,चंदन सोनी, राम देवांगन, अजय ठाकुर ,सुरेश कुमार सोनी, सहित प्रधान आरक्षक दौलत राम वर्मा, आरक्षक राजेश सिंह राजपूत, पारसमणी साहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल भिन्भौरी की कार्यकारिणी हुई घोषित, बनाए गए चार उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचल भिन्भौरी भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय तथा जिला अध्यक्ष अजय साहू की सहमति से मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक द्वारा जारी की गई।

घोषित कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, श्रीमती जौहत्री निषाद, राजेश पाल एवं रोहित यदु को दायित्व सौंपा गया है। दो महामंत्री के रूप में डॉ. उत्तम देवांगन एवं देवदत्त साहू को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर राजू राजपूत तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में लोकेश साहू नियुक्त किए गए हैं। मंडल मंत्री के रूप में तेजस्विनी डहरिया, मंजू साहू, चंद्रकांत परगनिहा एवं दीपक वर्मा को शामिल किया गया है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नारायण वर्मा एवं सह मीडिया प्रभारी के रूप में सुंदर निषाद को दी गई है। सोशल मीडिया प्रभारी लक्की वर्मा एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन साहू बनाए गए हैं। कार्यालय प्रभारी के रूप में लोकनाथ साहू तथा सह कार्यालय प्रभारी अश्वनी वर्मा को दायित्व सौंपा गया है। वहीं आईटी सेल प्रभारी योगेश दीवार एवं सह आईटी सेल प्रभारी श्रीमती सुरेखा पाटिल को नियुक्त किया गया है।



संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिया भूमिका निभाएं:नायक

मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मंडल के सभी क्षेत्रों के सक्रिय कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्रवाई : फरार दो आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, आरोपियों से लूट के जेंवरात व कट्टा बरामद

# कट्टा दिखाकर ग्रामीण दम्पत्ति से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत 16 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 01.00 से 01.30 बजे के मध्य थाना पिपरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी से सोनबरसा जाने वाले मार्ग पर मोटर सायकल सवार चार बदमाशों द्वारा कट्टे की नोंक पर एक ग्रामीण दम्पत्ति से जेवरात की लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं जिन्हें पुलिस घटना के चौबिस घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उल्लेखनी है कि इस घटना के बाद प्रार्थी पार्वती वर्मा पति सुरेन्द्र वर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी केशडबरी थाना साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि वे अपने पति के साथ मोटर सायकल से अपने भाई के घर ग्राम सोनबरसा जा रही थीं। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों में सवार चार आरोपियों द्वारा कट्टा दिखाकर डराया-धमकाया गया तथा उनके गले में पहने पुराने इस्तेमाली सोने के हार, दो नग सोने के झुमके एवं सोने की पत्ती माला छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिपरिया पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पीड़िता एवं उसके पति के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों द्वारा साहस दिखाते हुए आरोपियों का पीछा किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से भाग रहे आरोपियों में से दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मंजीत उर्फ मोनू पिता अजब सिंह निवासी सरीफपुर थाना सिंहबाउली जिला हापुड़ (उत्तर प्रदेश) तथा पवन कुमार पिता रमेश कुमार निवासी बुआडकला थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई है। पुलिस ने इन दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा फरार आरोपियों के संबंध में इनसे पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी तक फरार आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### आरोपियों से देशी कट्टा तथा लूट के जेवर बरामद



पुलिस के अनुसार जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं तथा इनके विरुद्ध पूर्व से हत्या के प्रयास, मारपीट एवं लूट जैसे गंभीर अपराध उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं। आरोपी पवन कुमार के विरुद्ध गैंगस्टर एवं एंटी सोशल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट के तहत कार्यवाही होना भी ज्ञात हुआ है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जिले में लूट, डकैती एवं अन्य संगीन अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार ठोस एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी

पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं घटना में प्रयुक्त दोनों मोटर साइकिल तत्काल बरामद कर ली गई। शेष दो फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम रवाना कर दी गई है तथा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। घटना में लूटे गए मशरुका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,65,000 रुपए है। घटना के दौरान प्रार्थी के गले एवं कलाई में चोट-खरोंच आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## गहरी खाई में गिरा ट्रैक्टर, चालक की मौके पर मौत, 4 नाबालिग घायल



■ ओव्हर लोडिंग व लापरवाही बनी हादसे का कारण, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

पीपरटोला घाट में लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा।

हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार नाबालिग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मनीराम बैगा आयु 28 वर्ष निवासी बिरझूनगर के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि वह ट्रैक्टर से पैरा छोड़ने पीपरटोला गया था। इसी दौरान गांव के चार नाबालिग बच्चे घूमने के उद्देश्य से उसके साथ ट्रैक्टर में सवार हो गए। वापसी के समय ट्रैक्टर में लकड़ी की मोटी बल्लियां लोड की गई थीं। घाटी क्षेत्र के ढलान में ओवरलोड के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सीधे गहरी खाई में जा गिरा।

### घायल को किया गया रेफर

घटना की सूचना मिलते ही कूकदूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। घायल बच्चों को एंबुलेंस से कुकदूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर रूप से घायल बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. मामले की जांच जारी है।

### खबर संक्षेप

#### जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन 25 को

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम एवं युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 25 फरवरी 2026 दिन बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष, भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक है। जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व और नागरिकता की भावना को मजबूती प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के वे युवा जो 18 से 25 वर्ष के हैं तथा जिन्होंने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किए हैं वह भाग लेंगे।

#### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में पीएम और जनमन योजना के तहत बन रहे आवासों की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जितने भी आवास स्वीकृत किंतु अप्रारंभ है उन्हें तत्काल प्रारंभ कराया जाए। इसके लिए सभी आवास मित्र फील्ड निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से व्यक्तिगत संपर्क करें और आवास निर्माण शुरू करवाएं। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों को आवास निर्माण प्रगति की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में विद्युत सब स्टेशन निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन स्थानों में यह सब स्टेशन बनने हैं वहां भूमि आबंटन का कार्य तत्काल पूरा करें। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि आबंटन के साथ ही टेंडर प्रक्रिया पूर्णता वाले स्थानों पर अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने धान उठाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गाड़ियों की संख्या बढ़वाते हुए समिति से धान का उठाव तेजी से करवाया जाए।

#### दसवीं के विद्यार्थियों को दिया भावभीनी विदाई

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह भावुकता और प्रेरणा के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का मंत्र देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता रातों-रात प्राप्त नहीं होता, बल्कि इसके लिए अटूट धैर्य, कठिन परिश्रम और स्वयं पर अडिग विश्वास का होना अनिवार्य है।

## क्षेत्र के जंगलों में अवैध कटाई खुलेआम, वन विभाग बेपरवाह

### सवालः मजबूरी या मिलीभगत का खेल?



■ अंचल के पर्यावरण प्रेमियों ने की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में इन दिनों अवैध कटाई का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। राजाढार से बोक्करखार मार्ग पर सराई (इमारती) वृक्षों की जिस तरह कटाई की जा रही है, वह वन संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

मुख्य मार्ग से सटे इस क्षेत्र में एक बड़े वृक्ष को पूरी तरह काटकर गिरा दिया गया है, वहीं आसपास खड़े करीब पंद्रह पेड़ों को नीचे से गोलाई में काटकर अधमरा छोड़ दिया गया है। जानकारों के अनुसार पेड़ों को इस तरह चारों ओर से छीलकर काटने की पद्धति सुनियोजित होती है। इससे पेड़ धीरे-धीरे सूख जाते हैं और बाद में उन्हें गिराना आसान हो जाता है। यह तरीका आम तौर पर अवैध लकड़ी तस्करी में अपनाया जाता है, ताकि प्रत्यक्ष कटाई का आरोप तुरंत न लगे। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब जंगल की गहराई में नहीं, बल्कि व्यस्त मार्ग से सटे खुले क्षेत्र में हो रहा है, जहां से रोजाना ग्रामीणों और राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटाई का यह सिलसिला पिछले कुछ समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्र में तैनात बिट गार्ड, डिप्टी रेंजर और रेंजर की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। जब आम नागरिकों को यह दृश्य साफ दिखाई दे रहा है, तो फिर वन विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ रही?

### विभागीय चुप्पी समझ से परे

इस मामले में विभागीय चुप्पी कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है। क्या यह निगरानी तंत्र की लापरवाही है, संसाधनों की कमी है या फिर अवैध कटाई में किसी स्तर पर मिलीभगत? वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, उन्हीं के क्षेत्र में इस तरह पेड़ों का नुकसान होना चिंताजनक है। वनों की अंधाधुंध कटाई न केवल पर्यावरण संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता और जल स्रोतों पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालती है। ऐसे में आवश्यक है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि इस प्रकरण में कानून की धार तेज साबित होती है या फिर कुल्हाड़ी।

## सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कांग्रेस नेता के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ जिले के तरेगांव थाना में अपराध पंजीबद्ध होने के साथ ही जिले की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर निर्माणाधीन सड़क को गैती से उखाड़ दिया और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो में सड़क को घटिया बताते हुए शासन प्रशासन की छवि धूमिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया। जांच के दौरान टीम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को मानक अनुरूप पाया। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई तेज करते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कोयलारी से मूधिया पथरा तक निर्माणाधीन सड़क के पर्यवेक्षण अधिकारी गौरव त्यागी ने शिकायत दर्ज कराई है कि तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सड़क को नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि यह सड़क बैगा बाहुल्य क्षेत्र कोयलारी से मूधिया पथरा तक लगभग 2.1 किलोमीटर लंबाई में बनाई जा रही है। इस निर्माण कार्य की लागत करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपये बताई जा रही है। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर और सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

### तुकाराम चन्द्रवंशी ने की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग



दूसरी तरफ इस मामले में कांग्रेस नेता तुकाराम चन्द्रवंशी ने शासन प्रशासन से सड़क निर्माण की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि पहले यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या उक्त भूमि के लिए विधिवत वन अनुमति (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) प्राप्त की गई थी। उन्होंने मांग की है कि यदि वन विभाग से अनुमति ली गई है तो संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप है, तो संबंधित जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार का भ्रम समाप्त हो सके। अपने बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को लक्ष्य बनाना नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि वे विधि और संविधान पर पूर्ण आस्था रखते हैं तथा सत्य सामने लाने के लिए सभी वैधानिक विकल्पों का उपयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी दबाव में आने या झुकने वाले नहीं हैं।

### स्कूली बच्चों से सीएम विष्णु देव साय ने कहा ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चों



**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चों। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और हौसले के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के नाम अपने आत्मीय संदेश में कहा कि परीक्षाओं का समय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जिसमें उत्साह के साथ थोड़ा तनाव भी स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि परीक्षाओं का समय आ गया है। मैं जानता हूँ कि इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और थोड़ा सा तनाव भी। लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए की आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का समय कभी-कभी मन में घबराहट भी लेकर आता है। यह स्वाभाविक है। यदि आपको डर लग रहा है तो इसका अर्थ है कि आप अपनी पढ़ाई और अपने भविष्य को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह समझ लीजिए की डर कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का संकेत है। लेकिन इस डर को अपने आत्मविश्वास पर हावी न होने दें। आपने पूरे वर्ष मेहनत की है। हर दिन का प्रयास, हर अभ्यास, हर दोहराव की सब आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएं, समय का संतुलन बनाए रखें।

### जेबी पब्लिक स्कूल पांडातराई में श्रद्धा के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि



**पाण्डातराई।** नगर स्थित जेबी पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर भक्ति भाव से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया और मंत्रोच्चार के बीच आरती उतारी। पूरे वातावरण में हर-हर महादेव के जयघोष और शिव भजनों की गूंज से आध्यात्मिक माहौल बन गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं को भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में सजाया गया। बच्चों की मनमोहक झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार आयोजित किए जा रहे निःशुल्क शिविर

## 889 गर्भवती महिलाओं को मिला निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 889 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की जा चुकी है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की नियमित निगरानी संभव हो रही है। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बनकर सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप गर्भवती महिलाओं को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स. लोहरा में सबसे अधिक 203 महिलाओं की जांच हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में दो चरणों में शिविर आयोजित कर 238 महिलाओं को लाभ दिया गया। दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरेगांव जंगल में 146 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में 144, बोड़ला में 92 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्फी में 66 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुईं। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में अक्सर जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण गर्भवती महिलाएं समय पर सोनोग्राफी जांच नहीं करा पाती थीं। इन शिविरों से अब गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास की सही जानकारी समय पर मिल रही है। किसी भी प्रकार की परेशानी या खतरे की पहचान पहले ही हो जाने से इलाज भी समय रहते संभव हो पा रहा है। सोनोग्राफी जांच शिविरों ने वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। स्थानीय स्तर पर आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होने से माताओं का भरोसा बढ़ा है और सुरक्षित प्रसव की दिशा में मजबूत आधार बना है।



## पांडातराई में महाशिवरात्रि पर निकली महाकाल की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पांडातराई नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल की भव्य बारात श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। बारात की शुरुआत नगर के प्राचीन शिवालय मंदिर से हुई, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान शिव की आकर्षक झांकी सजाई गई। बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नागपुर से आए कलाकारों ने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आयोजन को और भी भव्य बना दिया। ढोल-नगाड़ों और शिव भजनों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए महाकाल की बारात महामाया मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव और माता पार्वती की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग आयोजन में शामिल हुए। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



परेशानी

मछुआरों की मनमानी से बहा पानी, 28 गांवों की 4 हजार हेक्टेयर रकबा प्रभावित

# गर्मी से पहले एनीकट के गेट खुले, सूखी डोटू नदी, निस्तारी और सिंचाई का संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏩ बेमेतरा/थान खम्हरिया

खास खबर



नगर सीमा से बहने वाली डोटू नाले पर करोड़ों रुपये की लागत से बने तीन एनीकट इस बार गर्मी से पहले ही बेअसर साबित हो गए हैं। मछली पकड़ने के लिए एनीकट के गेट खोले जाने से पानी तेजी से बह गया, जिससे नदी का जलस्तर गिर गया है। परिणामस्वरूप नगर में निस्तारी संकट गहरा गया है और रबी फसल के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल मिलने की उम्मीद भी धूमिल हो गई है। लगभग 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने इन तीन एनीकटों ने बीते वर्षों में थान खम्हरिया की आधी आबादी को जल संकट से राहत दिलाई थी। जलस्तर बढ़ने से निस्तारी के साथ भू-जल स्तर में भी सुधार हुआ था, लेकिन हर वर्ष मछुआरों द्वारा गेट खोलकर पानी बहा देने की घटनाएं अब स्थायी समस्या बन गई हैं। स्थानीय नागरिकों ने ऐसे कृत्यों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 28 गांवों की सिंचाई पर भी संकट

डोटू नाले पर ग्राम गुवारा के समीप बने व्यपवर्तन (डायवर्सन) और नहर तंत्र से करीब 28 गांवों के लगभग 4 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलती रही है। पिछले वर्ष नहरों की मरम्मत और गहरीकरण पर लगभग 3718.56 लाख रुपये खर्च किए गए तथा 41.10 किमी लंबी नहरों का सुधार कार्य कराया गया।

इसके बावजूद जलभराव के अभाव में इस वर्ष रबी फसल के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कबीरधाम जिले के पहाड़ी क्षेत्रों से निकलकर ग्राम सलधा के पास शिवनाथ नदी में मिलने वाली डोटू नाला बरसात में तो उफान पर रहती है, परंतु जल भंडारण के अभाव में गर्मी आते-आते सूखने लगती है। एनीकट और व्यपवर्तन निर्माण से यह समस्या काफी हद तक दूर हुई थी, लेकिन इस बार पानी बह जाने से किसान मायूस हैं।

## सीमावर्ती गांवों को भी होता था लाभ

एनीकट निर्माण से कबीरधाम जिले के सीमावर्ती ग्राम पैलपार, गोरखपुर, उसलापुर और भीखमपुर सहित कई गांवों को निस्तारी और भू-जल स्तर में सुधार का लाभ मिलता रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01, 05, 06, 07, 08, 09, 11 एवं 14 के नदी किनारे निवासरत लोगों के लिए डोटू नाला निस्तारी का प्रमुख साधन रहा है। हालांकि नगर पंचायत द्वारा ओवरहेड टंकी और सम्पवेल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, परंतु निस्तारी संकट की समस्या अलग बनी रहती है।

## भू-जल स्तर गिरने की आशंका

विशेषज्ञों के अनुसार एनीकट से पानी बह जाने से न केवल निस्तारी संकट गहराएगा, बल्कि नगर का भू-जल स्तर भी गिर सकता है। वर्तमान में नगर में आपूर्ति किए जा रहे पानी में यूरेनियम का स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति लीटर तक बताया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है। नागरिकों में उदर रोगों की शिकायतें बढ़ रही हैं। राज्य सरकार द्वारा शिवनाथ नदी से शुद्ध जलापूर्ति की योजना बनाई गई थी। राशि स्वीकृत होने और पाइपलाइन बिछने के बावजूद अब तक मीठे पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इससे नागरिकों में पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है।

## प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग

नगरवासियों का कहना है कि एनीकट जीवनदायिनी संरचना है, जिसे निजी स्वार्थ के लिए नुकसान पहुंचाना पूरे नगर के हितों के साथ खिलवाड़ है। नागरिकों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि एनीकट के गेट से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल संरक्षण के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो थान खम्हरिया नगर सहित आसपास के 28 गांवों को भीषण जल संकट और सिंचाई समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## कोलेगांव-हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का लेवल बढ़ाने की मांग तेज

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रस्तावित प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ तो कर दिया गया है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। लगभग 20 वर्ष पुरानी यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। डामर उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया था और कई स्थानों पर सड़क का लेवल इतना नीचे दब गया है कि बरसात के दिनों में पानी सीधे सड़क के ऊपर से बहता है। वही ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा सड़क के लिए राशि स्वीकृत की गई है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ है। किंतु स्थल पर किसी प्रकार का सूचना पटल (बोर्ड) नहीं लगाए जाने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह कार्य नवीनीकरण है या केवल मरम्मत। स्टीमेट में क्या-क्या प्रावधान हैं, कहां पुलिया बनेगी, कहां नाली और कहां पीसीसी रोड का निर्माण होगा इसकी जानकारी आम नागरिकों को नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में केवल साइड शोल्डर डालकर सड़क को उखाड़ा जा रहा है। पुरानी उखड़ी डामर को किनारे शोल्डर में डाल दिया गया है।

खबर संक्षेप

## ग्राम गांगचुवा में श्रीमद् भागवत पुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम गांगचुवा स्थित है जहां श्रीमद् देवी भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का धार्मिक आयोजन कार्यक्रम की शुरुआत 8 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक चला जिसमें हिंदू धर्म की विधि विधान से कलश यात्रा से शुरू की गई कार्यक्रम में कथा व्यास आचार्य पंडित रमाकांत महाराज के द्वारा श्रद्धालु जनों को रसपान कराया गया वही कलश यात्रा वेदी पूजा बाल चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव रासलीला और रुक्मणी विवाह में श्रद्धालु लोग राधे राधे कृष्णा कृष्णा की गूंज सुनाई देती रही जिसमें संगीत और स्वर कथा प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालु जनों को रसपान कराया गया।

# भालुचुवा में कक्षा 10वीं के छात्रों की विदाई समारोह एवं करियर काउंसिलिंग आयोजित

- विद्यार्थियों को विषय चयन व भविष्य की राह पर मिला मार्गदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह एवं युवा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला। करियर काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों एवं शिक्षकों द्वारा कक्षा 10वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। विज्ञान शिक्षिका पूनम तिवारी ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विकल्पों तथा उनसे जुड़े करियर अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को रुचि और क्षमता के अनुरूप विषय चयन की सलाह दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शिक्षकों ने परीक्षा तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विदाई समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भावनात्मक एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं से पंकज को मिस्टर फेयरवेल, हेमलता को मिस फेयरवेल तथा महेश्वरी एवं आकाश को बेस्ट स्टूडेंट के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वही विद्यार्थियों को स्मृति स्वरूप पेन भेंट किए गए तथा शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। वही कार्यक्रम में पूनम तिवारी, तरुणा नामदेव, नूतन यादव, भूमिका देशमुख, साधराम बंजारे, परसराम पालेकर, नसीमा परवीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जिले में सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार संपन्न

- अशोका पब्लिक स्कूल में सक्रिय अधिगम पद्धति पर विशेष मंथन।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



विद्यार्थियों को कक्षा में अधिक सक्रिय, आत्मविश्वासी और सहभागी बनाने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दिशा-निर्देशानुसार शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय सक्रिय अधिगम Active Learning रहा, जिसमें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सोहनलाल नापित, लोकनाथ देवांगन एवं एडमिन सागर नामदेव द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने कहा कि बदलते समय के अनुरूप शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। सीबीएसई से पधारे प्रशिक्षक फजलुर रहमान खान एवं आशीष तिवारी ने कक्षा संवाद, केस स्टडी, सिमुलेशन, कॉन्सेप्ट मैप, स्टोरी टेलिंग तथा क्रिटिकल थिंकिंग आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को सक्रिय अधिगम की प्रभावी तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सुनियोजित तैयारी और सहभागिता आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में विषय की गहरी समझ विकसित होती है। प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में मूल्यांकन परीक्षा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पेज 9 का शेष

## कलेक्टर-एसपी की दो ...

**नशे के हॉटस्पॉट की होगी पहचान :** बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले के उन क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां नशीले पदार्थों की बिक्री या खपत अधिक है। इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी, छापामार कार्रवाई और सतत अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# शासकीय प्रथामिक शाला बीजाझोरी का शैक्षणिक भ्रमण, नन्हें कदम, बड़ी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



शैक्षणिक भ्रमण नन्हे कदम बड़ी उड़ान बीजाझोरी के बच्चों ने जाना प्रकृति और इतिहास का महत्व कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी के छात्र-छात्राओ के लिए पिछला दिन बेहद खास और रोमांचक रहा विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के तहत बच्चों को बिलासपुर के समीप कानन पेंडारी जू और धार्मिक नगरी रतनपुर का धार्मिक और ऐतिहासिक भ्रमण कराया गया वन्यजीव से रुबरु हुए नन्हे मुन्ने बच्चे भ्रमण की शुरूवात कानन पेंडारी जू लाजिकल पार्क से हुई यहाँ बच्चों ने पहली बार शेर, बाघ, हिरण, और अन्य प्रकार के प्रजातियों के पक्षियों को इतने करीब से देखा शिक्षकों ने बच्चों को वन्यजीव के संरक्षण और पर्यावरण के संतुलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी बच्चों की आंखो जानवरों को देखने की उत्सुकता और खुशी साफ झलक रही थी इसके बाद बच्चों का दल ऐतिहासिक नगरी रतनपुर पहुँचा यहाँ बच्चों ने सुप्रसिद्ध माँ महामाया देवी के दर्शन किये शिक्षकों ने रतनपुर के गौरवशाली इतिहास और प्राचीन स्थापत्य कला के बारे मे बच्चों को बताया जिससे वे सांस्कृतिक विरासत से प्रचित हो सके इस दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त पालकगण के सहमति से शैक्षणिक यात्रा का शुरूवात हुआ इस शैक्षणिक यात्रा मे प्रमुख उपस्थित विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा, सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुवे, श्रीमती अनिता सोनी, श्रीमती शिमला, कमलेश यादव, एवं विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं शामिल थे।

# पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुईकुकदुर



14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के लेथपुरा में हुए भीषण आतंकी हमले को आज 7 वर्ष पूरे हो गए इस दिन सीआरपीएफ के 78 वाहनों का काफिला जिसमें लगभग 2500 से अधिक जवान और अधिकारी सवार थे जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहा था तभी विस्फोटकों से भरी एक कार ने काफिले के बस को टक्कर मार दी इस कायराना आत्मघाती हमले में देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे इस हमले के जवाब में भारत ने 26 फरवरी 2019 की सुबह लगभग 3:30 बजे पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया इस कार्यवाही ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपने अर्ध सैनिकों की शहादत का सम्मान करता है और किसी भी खतरे का मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है दुर्ग जिले के पावन धारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए अमर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अपनी वीर सपूतों को नमन किया कार्यक्रम के अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष शटेकराम साहू शुरुआत की गई उपाध्यक्ष कुमार साहू कोषाध्यक्ष पवन तुलावी सचिव, कमलेश चौबे उप कोषाध्यक्ष, दिलीप खरे मीडिया प्रभारी ज्ञानेश्वर पटेल सलाहकार संतोष वर्मा संरक्षक कल्याण वर्मा नीति प्रकाश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सोरी एवं अन्य अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ तत्पश्चात शहीद वीर जवानों की स्मृति में फूल अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी तुम भूल न जाओ उनक्रो इसलिए सुनो ये कहानी इस अवसर पर 12 दिसंबर 2017 को शहीद हुए सहायक उप निरीक्षक(छ.ग.) स्वर्गीय शोभाराम साहू के सुपुत्र जितेंद्र कुमार साहू को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया यह सम्मान केवल एक परिवार का नहीं बल्कि उस अदम्य साहस का अभिनंदन था जिसने मातृ भूमि की रक्षा में सर्वस्व अर्पित कर दिया मंच संचालन करते हुए संतोष वर्मा ने 14 फरवरी 2019 पुलवामा आतंकी हमले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 14 फरवरी कोई साधारण तिथि नहीं बल्कि शौर्य त्याग और बलिदान का प्रतीक दिवस है तुम कितनी भी कयास लगा लो हम खून देने के लिए तत्पर है और बता दिया पूरी दुनिया को की अर्ध सैनिक बल अपने शौर्य में पीछे नहीं है उन्होंने भावुक शब्द में कहा लहू से खींचकर धरती को अमर कहानी लिखे गए वतन की आन की खातिर हंसते-हंसते मिट गए वही अध्यक्ष टेकराम साहू अपने उद्बोधन में शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है कार्यक्रम में संघ की नई सदस्य श्रीमती करुणेश साहू एवं श्रीमती दास शीला का सम्मान किया गया। वही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ परंतु शहीदों की अमर कथा उपस्थित जवानों की हृदय में सदैव के लिए अर्पित अंकित हो गई।

फेडरेशन के सतत प्रयासों से जारी हुआ पदोन्नति आदेश, शिक्षकों में खुशी की लहर

# जिले में 70 सहायक शिक्षक बने प्राथमिक प्रधान-पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



जिले के शिक्षा विभाग में लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति प्रक्रिया को आखिरकार गति मिल गई है। जिले के 70 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत करने संबंधी आदेश 16 फरवरी 2026 को जारी कर दिया गया है। आदेश जारी होते ही शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जनकारी के अनुसार पदोन्नति छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, कबीरधाम के सतत एवं अथक प्रयासों का परिणाम है। फेडरेशन द्वारा इस संबंध में कई बार चर्चा और पत्राचार किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा से भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई थी, जिस पर उन्होंने शीघ्र आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था। निर्धारित समयावधि के भीतर पदोन्नति आदेश जारी होने से शिक्षकों में संतोष व्याप्त है। फेडरेशन ने बताया कि पदांकन (पोस्टिंग) हेतु काउंसलिंग की तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। संगठन ने विभाग से मांग की है कि काउंसलिंग प्रक्रिया की तिथि शीघ्र घोषित की जाए, ताकि पदोन्नत शिक्षकों को समय पर नवीन पदस्थापना मिल सके। फेडरेशन ने पदोन्नति प्रक्रिया में सहयोग के लिए स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा, समस्त बीईओ सहित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। फेडरेशन पदाधिकारियों ने सभी 70 पदोन्नत सहायक शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, प्रदेश सदस्य राजेन्द्र शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, केसलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, सुरेश ठाकुर, राजेश मिश्रा, धरमू कुर्रे, नवीन ठाकुर, संजय साहू, हरीश धुर्वे, श्रीमती अर्चना तिवारी, मोनिका चंद्रवंशी, लता चंद्रवंशी, रानी शर्मा, मनोज तिवारी, राजेश पांडे, प्रदीप मांडवी, झूमुख लाल बंछोर, शिव कांति देवांगन सहित फेडरेशन के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। पदोन्नति आदेश जारी होने से न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि जिले की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



**खबर संक्षेप**



## भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाले 5 गिरफ्तार

**भिलाई।** भारत और पाकिस्तान को लेकर टी-20 क्रिकेट मैच में लाखों रुपए का ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्रीन चौक स्थित मकान में भारत-पाकिस्तान टी-20 क्रिकेट मैच पर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना पर मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने ग्रीन चौक दुर्ग निवासी सुरेन्द्र सुलाखे उर्फ मोनू, अहमद नगर कैम्प 2 छावनी अंकित सोनी, मरार पारा चंद्रप्रकाश पटेल उर्फ सोनू, डोमन पटेल, शिवपारा दुर्ग राजा सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लैपटाप, 17 मोबाइल और नगदी 1.34 लाख रुपए जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 2.62 लाख 200 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

## प्लांट के अंदर हत्या अभियुक्त को उम्र कैद

**दुर्ग।** छावनी थाना अंतर्गत मदर टेरेसा नगर निवासी बीएसपी में सेवारत जगतराम उइके की हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी जो-2 खुर्सीपार निवासी आर व्यंकटेश्वर राव (34 वर्ष) को आजीवन कारावास से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। आरोपी को धारा 404, 201 में दो-दो साल की सजा सुनाई गई। साथ ही 500-500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1-1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 21 जुलाई 2021 की है। इससे पहले मदर टेरेसा निवासी ऋषभ उइके ने छावनी थाने में शिकायत की कि उसके पिता लापता हैं। बीएसपी में ड्यूटी जाने के नाम पर निकले थे। बाद में 21 जुलाई की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जगतराम उइके का शव क्रास्टर ग्रीस स्टेशन, एसएमएस-2 के पास मिला। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पता चला कि अंतिम बार दोनों को साथ देखा गया था। इसके बाद घटना कारित होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। केस के वितारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। शासन के तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।

## 3 साल में टीबी के 11842 मरीज मिले, 488 मौतें

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में टीबी को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन आंकड़े अब भी चिंता बढ़ा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में जिले में 11,842 टीबी मरीज सामने आए हैं। इनमें से 488 लोगों की मौत हो चुकी है। तीन सालों में मौत के आकड़े तो कम हुए हैं लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक है। वहीं समय पर इलाज के चलते सैकड़ों लोग ठीक भी हुए हैं। वर्तमान स्थिति पर नजर डालें तो जिले में अभी 1,850 मरीज टीबी से जूझ रहे हैं।

# डीएलएड छात्राध्यापकों के लिए 'चेतना विकास एवं मूल्य शिक्षा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिए 'चेतना विकास एवं मूल्य शिक्षा' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन वक्ताओं ने शिक्षा में मूल्यों के महत्व पर विस्तृत विचार रखे। संस्थान के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने कहा कि जीवन विद्या एक ऐसा दार्शनिक और व्यावहारिक ज्ञान है, जो मानवीय संबंधों, आत्मचेतना और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाता है। इसका उद्देश्य सुख, शांति, समृद्धि और संतोष के साथ जीवन जीना है। उन्होंने कहा कि जब शरीर और चेतना के बीच संतुलन स्थापित होता है, तभी परिवार और समाज में विश्वास, सम्मान और न्याय जैसे मूल्यों का विकास संभव है। मानव तीर्थ किरितपुर से पहुंचे प्रबोधक राम मिलन यादव ने कहा कि मनुष्य में तीन प्रकार की विचारधाराएं देखने को मिलती हैं—ईश्वर केंद्रित रहस्यमूलक, वस्तु केंद्रित अस्थिरता-अनिश्चयता मूलक तथा अस्तित्व मूलक मानव केंद्रित विचारधारा। उन्होंने कहा कि अस्तित्व स्थिर है और जागृति निश्चित है। मानव जीवन और शरीर का संयुक्त रूप है, जहां जीवन ही शरीर का संचालन करता है। व्यक्ति जितनी पात्रता और योग्यता विकसित करेगा, उतनी ही उसकी समझ भी विकसित होगी। कार्यक्रम में डाइट के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक परस राम साहू, देवी प्रसाद चंदेश्वर, प्रहलाद कुमार टिकरिया, अनिल कुमार सोनी, जी.एल. खुटियारे, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे, अमिंदर भारतीय सहित डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

### शिक्षा का उद्देश्य मानसिकता में स्थायी परिवर्तन लाना



### मानसिकता में स्थायी परिवर्तन लाना है शिक्षा का उद्देश्यः पोगुला

प्रबोधक अंकित पोगुला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि मानसिकता में स्थायी परिवर्तन लाना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि हमारी मानसिकता में नियमों के प्रति सम्मान है तो सिग्नल पर पुलिस न होने पर भी हम लाल बत्ती पर रुकेंगे। उन्होंने कहा कि "सबसे प्रभावशाली व्यवसाय शिक्षा है। यदि शिक्षक किसी छात्र की मानसिकता बदल दे, तो वह जीवन भर उसका सम्मान करेगा।" उन्होंने जोर देकर कहा कि पैसे से वस्तुएं और सुविधाएं खरीदी जा सकती हैं, लेकिन सम्मान और स्थायी सुख नहीं। यदि शिक्षा मूल्य आधारित नहीं होगी तो उसका दुरुपयोग भी संभव है। उन्होंने कहा कि आज भौतिक संसाधन बढ़े हैं, लेकिन परिवारों में संवाद और स्नेह कम हुआ है। सोशल मीडिया का सदुपयोग आवश्यक है, अन्यथा यह तुलना और असंतोष को बढ़ाता है। हमें सापेक्ष नहीं, बल्कि निरपेक्ष आत्मविश्वास विकसित करना चाहिए।

**समस्या : स्थायी सड़क निर्माण और जलनिकासी की मांग तेज**

# कीचड़ में तब्दील सड़कें, रामपुर के ग्रामीणों का टूटा सब्र, चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विकास के दावों के बीच बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर की बदहाल सड़कें प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। फरवरी माह में गांव की मुख्य सड़कें सड़क कम और कीचड़ का दलदल ज्यादा नजर आ रही हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है और आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

- कीचड़ और जलभराव से स्वास्थ्य व आपातकालीन सेवाएं प्रभावित

गांव की सड़कों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढों में भरा पानी और दलदली रास्तों के कारण पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार कई लोग कीचड़ में फिसलकर घायल हो चुके हैं। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस का गांव तक पहुंचना भी बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।



**ग्रामीणों ने बताई पीड़ाः** ग्रामीण सियाराम सप्रे ने बताया कि गांव की सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है, लेकिन कई शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया। बरसात के बाद हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे रोजमर्रा का जीवन प्रभावित होता है। मंतोष सप्रे ने कहा कि कीचड़ भरी सड़क के कारण स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।वहीं सियाराम ध्रुव का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस का गांव तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। गजाधर ध्रुव ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी तरह तुकन मानिकपुरी ने कहा कि सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### प्रशासनिक उपेक्षा से बढ़ रहा आक्रोश

ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर नवागढ़-मुंगेली जैसे मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण और निर्माण के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत होने की खबरें आती हैं, वहीं रामपुर पंचायत की आंतरिक सड़कें आज भी बदहाल हैं। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**चुनाव बहिष्कार की चेतावनीः** ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी देने के बाद धनगांव से झाझाडीह मार्ग का निर्माण कराया गया था। अब सड़क समस्या के समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आगामी विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि डबल इंजन की सरकार में भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं तो मतदान का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

**सड़क निर्माण और जलनिकासी की मांगः** ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## संत रविदास ने समाज को छुआछूत और पाखंड से दूर रहने की सीख दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में संत शिरोमणि संत रविदास की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान श्री छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास मध्यकालीन भारत के महान संत, समाज सुधारक और आध्यात्मिक विचारक थे। उन्होंने शिक्षा और समता पर आधारित पंथ की स्थापना कर समाज को जात-पात की बेड़ियों से मुक्त होने का संदेश दिया तथा आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के 41 पद सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में 16 रागों में संकलित हैं, जो उनके व्यापक आध्यात्मिक प्रभाव को दर्शाते हैं। छाबड़ा ने कहा कि संत रविदास ने समाज को छुआछूत और पाखंड से दूर रहने की सीख दी। आज जब समाज में कटुता और विभाजन की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे समय में उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भाईचारा, समानता और सौहार्द स्थापित किया जा सकता है।

- ग्राम पथर्रा में मनी संत रविदास जयंती

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बसंत जोशी, ध्रुव मिर्झा, विजय मेहरा, खेमराज बाकरे, प्रकाश महोबिया, श्रीमती गायत्री हिरऊ जोगी, गणेश सिवारे, दिनेश जोशी, निलेश ठाकुर, भावसिंग राज, अमित वर्मा, राजेंद्र वर्मा, धनेश लहरे, भगेला राम जोशी, राजू जोशी, संतु लहरे, शिवकुमार लहरे, प्रवीण कलियारे, उमेश रावते, सीमा जोशी, सावित्री जोशी, पियारी बाई लहरे, निर्मला कलियारे, सरस्वती जोशी, नारायणी कलियारे, रूपेश कलियारे, मनोहर लहरे, दिलीप लहरे, डॉ. आर.एल. जोशी, कौशिल्लया जोशी, राधे मिर्झा, बिंदा बाई लहरे, सरस्वती रावटे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## नवागढ़ में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली और हुआ शपथ ग्रहण समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कांत पाण्डेय द्वारा किया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए सभी को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जो महाविद्यालय से राजीव गांधी चौक नवागढ़ तक पहुंची। रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान हमारा अधिकार है तथा सभी काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया।

- महाविद्यालय से राजीव गांधी चौक तक निकली रैली, विद्यार्थियों ने लगाए जागरूकता नारे

विद्यार्थियों एवं स्टाफ को दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ रैली के समापन के बाद महाविद्यालय परिसर में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. निर्मल कुमार द्वारा किया गया, वहीं अंत में प्रो. नर्मदा टंडन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## स्कूलों में शिक्षक मिले गैरहाजिर, थमाया नोटिस

**भिलाई।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने जिले के आधा दर्जन पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई स्कूलों के शिक्षक नदारद मिले। विद्यार्थियों की उपस्थिति भी कम मिली। मध्यांह भोजन बच्चे ऐसी जगह पर करते मिले जहां साफ सफाई नहीं थी। ऐसे लापरवाह शिक्षकों और संस्था प्रमुखों को नोटिस थमाया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने शासकीय उच्चतर मा शाला गिरहोला , पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिवारा , जामुल , बालाजीनगर व पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जरवाय, बालाजीनगर , बानबरद तथा शास प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला , अहिवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया और सभी संस्था प्रमुखों/कार्यरत शिक्षकों को आगामी 16 से 25 फरवरी तक भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पीएम श्री विद्यालयों के प्रस्तावित निरीक्षणों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए तथा उन सभी 21 बिंदुओं की समीक्षा भी की।

## पथर्रा में श्रद्धा व भक्ति भाव से मना प्रकाश पर्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम पथर्रा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 649वें जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सम्मिलित हुए। समारोह का शुभारंभ गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

- विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

कार्यक्रम में रायपुर से पधारे भजन मंडली एवं गुरु सिंह सभा के जत्था द्वारा भक्ति से ओत-प्रोत भजनों एवं कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, "गुरु रविदास जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति, कर्मनिष्ठा और सदाचार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उनका 'बेगमपुरा' का सपना एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जहां किसी प्रकार का भेदभाव न हो और सभी को समान अधिकार प्राप्त हों। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज को समरसता की दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ नबोर्ड (चर्मशिल्प) के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्जा, मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, गायत्री जोगी, जितेन्द्र यदु, जनपद सदस्य गणेश सिवारे, आर. एन. जोशी (डे साहब), सोसायटी अध्यक्ष बसंत जोशी, ओमकार साहू, विमल कर्मकार, अमित वर्मा, हिरऊ जोगी, दिनेश जोशी, संजय जोशी सहित समस्त क्षेत्रीय समिति पथर्रा के सदस्य, ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**समय-सीमा की बैठक में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी**

# प्रकरणों का निपटारा औपचारिकता न हो, बल्कि पारदर्शी, तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण हो: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में निर्धारित समयावधि का कड़ाई से पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की खानापूर्ति न की जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों का निपटारा केवल औपचारिकता न हो, बल्कि प्रत्येक आवेदन का पारदर्शी, तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत करें।

बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों, शिकायतों एवं पत्राचार की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उन फाइलों और आवेदनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जो लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पूछा कि आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का फीडबैक आवेदक तक पहुंचे तथा समाधान की जानकारी स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए गए।

### पूर्व बैठक के निर्देशों की पुनरावृत्ति

बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित समय-सीमा बैठकों में दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पहले दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की जाए तथा अधूरे बिंदुओं पर तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समाधान है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिला प्रशासन जनहित के मामलों में पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

